# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (17.04.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:17.04.2025, PAGE-04**

### बिहार के सात विश्वविद्यालयों में पूर्व की तरह ही होगा मूल्यांकन

# बीआरएबीयू में पुराने पैटर्न पर ही होगा नैक मूल्यांकन

हि विशेष

- छह विश्वविद्यालय में नये पैटर्न से मूल्यांकन की हो रही तैयारी
- पुराने पैटर्न में दी जाएगी ग्रेडिंग, नये पैटर्न में नहीं होगी ग्रेडिंग

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बिहार के सात विवि में पुराने पैटर्न पर नैक मूल्यांकन किया जाएगा। इसकी तैयारी की जा रही है। नैक ने विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के मूल्यांकन का तरीका बदल दिया है। नये पैटर्न में कॉलेजों में नैक के तहत ग्रेडिंग नहीं की जाएगी। जिन विवि में पुराने पैटर्न के तहत नैक मूल्यांकन होगा, उसमें बीआरएबीयू भी शामिल है।

शिक्षा विभाग में नैक के नोडल अफसर व शिक्षा सलाहकार प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि बिहार के छह विवि में नये तरीके से नैक मूल्यांकन होगा। इनमें मुंगेर विवि, जेपी विवि छपरा, पूर्णिया विवि, पाटलिपुत्र विवि, मौलाना मजहरूल हक विवि और संस्कृत विवि शामिल है। बिहार में अभी सिर्फ दो विश्वविद्यालयों ने अपने नैक का काम नये सत्र में पूरा करा लिया है, इनमें मिथिला विवि और पटना विवि शामिल हैं।

**नये और पुराने पैटर्न में क्या है अंतर :** नैक के नये पैटर्न में विवि और कॉलेजों को ग्रेडिंग नहीं दी जाएगी। उन्हें नैक से मान्यता प्राप्त या बिना नैक वाला विवि और कॉलेज दर्ज किया गया जाएगा, लेकिन पुराने पैटर्न वाले विवि में नैक की टीम ग्रेडिंग देगी। नये पैटर्न में विवि और कॉलेजों का निरीक्षण ऑनलाइन किया जाएगा, जबकि पुराने पैटर्न में नैक की टीम विवि और कॉलेज पहुंचेगी।

## नैक नहीं कराने वाले का रुकेगा अनुदान

नैक के नोडल अफसर प्रो. अग्रवाल ने बताया कि जो कॉलेज और विवि नैक नहीं कराएंगे, उनका राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान से अनुदान रुक जाएगा। उन्होंने कहा कि नैक कराना सभी कॉलेजों और विवि के लिए जरूरी है। प्रो.अग्रवाल ने कहा कि सभी कॉलेज व विवि नैक की तैयारी करें और अपना एसएसआर जमा करें।

## बीआरएबीयू में जमा करना है एसएसआर

बीआरएबीयू मे भी नैक की तैयारी चल रही है। नैक को लेकर अब एसएसआर जमा करना है। सीनेट की बैठक मे कुलपति ने घोषणा की थी कि जल्द ही बिहार विवि अपना एसएसआर जमा कर देगा। एसएसआर जमा करने के बाद नैक की टीम विवि आकर इसका निरीक्षण करेगी। बीआरबीयू का नैक वर्ष 2015 मे पहली बार कराया गया था।

## स्नातक नामांकन के लिए खुला पोर्टल

**मुजफ्फरपुर।** स्नातक में नामांकन के लिए आवेदन करने को बुधवार देर शाम पोर्टल खुल गया। पोर्टल खुलने के बाद गुरुवार से आवेदन किया जा सकेगा। यूएमआईएस सेक्शन को समय पर पत्र नहीं मिलने के कारण दिन में पोर्टल नहीं खुला। बीआरएबीयू में 15 मई तक स्नातक में आवेदन लिया जायगा। सूत्रों ने बताया कि यूएमआईएस सेक्शन को बुधवार देर शाम पोर्टल खोलने का पत्र मिला है।बीआरबएीयू में इस बार दो लाख 81 हजार सीटों पर दाखिला होना है।

## ऑडिटोरियम में रखे सामान का मिलान

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विवि में बुधवार को ऑडिटोरियम का ताला खोलकर छात्रों के लिए खरीदे गए खेल के सामान का मिलान किया गया। पांच साल पहले बिहार विवि में छात्रों के लिए खेल और जिम के सामान खरीदे गए थे। खरीदारी के बाद सामान को ऑडिटोरियम में बंद कर दिया गया था। खेल के सामान को निकालने और मिलान के लिए विवि ने कमेटी बनाई गई थी। स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने इसकी जानकारी दी।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:17.04.2025, PAGE-04

# स्नातक के छात्र स्वयं पोर्टल पर करेंगे अपनी पढ़ाई

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : स्नातक के छात्र परंपरागत विषयों के अतिरिक्त वैल्यू एडेड व मल्टी डिसिप्लीनरी सहित अन्य कोर्स की पढ़ाई स्वयं पोर्टल पर खुद भी कर सकेंगे। विश्वविद्यालय ने इसको लेकर ब्लू प्रिंट तैयार किया है। स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध इनसे मिलते- जुलते कोर्स की सूची तैयार कर जल्द ही अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जा रही है।

विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 से स्नातक का 4 वर्षीय कोर्स लागू है। इसमें माइनर और मेजर सब्जेक्ट में ही केवल परंपरागत विषयों को रखा गया है। इसके अलावा अन्य विषय स्किल और दैनिक जीवनचर्या से जुड़े हुए हैं। स्नातक के सिलेबस में इन विषयों की सूची भी निर्धारित है। लेकिन कालेजों में केवल परंपरागत विषयों के शिक्षकों की ही नियुक्ति है।

स्नातक के नए कोर्स में दो सत्र का नामांकन भी हो चुका है, लेकिन अब तक कालेज व विश्वविद्यालय स्तर पर इन विषयों को संचालित करने के लिए विभाग निर्धारित नहीं किया जा सका है। कालेजों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति भी नहीं है। अब विश्वविद्यालय की ओर से आनलाइन कोर्स संचालित करने की योजना तैयार की जा रही है, ताकि छात्रों को शैक्षणिक नुकसान न हो।

### स्नातक में नामांकन को लेकर खोला गया पोर्टल

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2025-26 में एडमिशन के लिए बुधवार को पोर्टल खुल गया। इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र- छात्राएं 15 मई तक बीए, बीएससी या बीकाम में एडमिशन के लिए आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर दो चरणों में आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पहले चरण में रजिस्ट्रेशन का विकल्प मिलेगा। अभ्यर्थी अपना नाम, कोर्स, सत्र के साथ मोबाइल नंबर और पासवर्ड भरेंगे तो रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। इसके बाद ही आगे का स्टेप होगा।

### विश्वविद्यालय हेल्थ सेंटर पर काउंसिलिंग की सुविधा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर पर अब छात्रों के लिए काउंसिलिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से दो शिक्षकों को काउंसलर के रूप में नियुक्त किया गया है। आरबीबीएम कालेज गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अंजली चंद्रा हेल्थ, फिटनेस और न्यूट्रीशन के एकेडमिक काउंसलर के रूप में काम करेंगी। वहीं, आरबीबीएम कालेज के मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अंकिता सिंह मेंटल हेल्थ के एकेडमिक काउंसलर के रूप में काम करेंगी।

### टीडीसी पार्ट टू की होगी स्पेशल परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें तीन वर्षीय स्नातक के चार सत्र के प्रमोटेड या अनुपस्थित छात्र शामिल होंगे। विश्वविद्यालय ने 17 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फार्म भरने का समय दिया है। इसके बाद 18 से 21 अप्रैल तक परीक्षा फार्म स्वीकार किए जाएंगे। बता दें कि विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स लागू होने के बाद यह अंतिम परीक्षा होने जा रही है। इसमें सत्र 2019-22, 2020-23, 2021-24 और 2022-25 की पार्ट टू परीक्षा में प्रमोटेड या अनुपस्थित छात्र शामिल होंगे।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 17.04.2025, PAGE-04

### टीडीसी पार्ट-2 स्पेशल परीक्षा के लिए संशोधित गाइडलाइन आयी

# छूटे, प्रोमोटेड या फेल हुए विद्यार्थी अब भर सकते हैं परीक्षा का फॉर्म

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में टीडीसी पार्ट- 2 की स्पेशल परीक्षा के बाबत सत्र 2019-22 से अद्यतन सत्र तक छूटे हुए, प्रमोटेड या फेल छात्र-छात्राएं भी परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं. विवि की ओर से फॉर्म भरे जाने को लेकर संशोधित गाइडलाइन जारी की गयी है. इसमें संबंधित सत्र के छूटे हुए, प्रमोटेड या फेल छात्र-छात्राओं को फॉर्म भरने की स्वीकृति दे दी गयी है. परीक्षा की तैयारी भी शुरू कर दी गयी है. गाइडलाइन के अनुसार 17 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरा जायेगा. वहीं, 18 से 21 अप्रैल तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म स्वीकार किया जायेगा. विभिन्न परीक्षाओं के दबाव को देखते हुए सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिये गये हैं कि तय अवधि में छात्र-छात्राओं का परीक्षा फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें. फॉर्म भरने की तिथि में परिवर्तन नहीं होगा. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल ने अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों को पत्र भेजकर स्पेशल परीक्षा के लिए तय अवधि में फॉर्म भराने को कहा है. फॉर्म सहित अन्य जरूरी कागजात परीक्षा विभाग में जमा कराना है.

### अब स्नातक की नहीं होगी वार्षिक परीक्षा

सत्र 2023-27 से 4 वर्षीय स्नातक कोर्स सेमेस्टर सिस्टम के साथ लागू हो गया है. ऐसे में अब स्नातक की वार्षिक परीक्षाएं नहीं होंगी. इस साल सत्र 2022-25 के थर्ड इयर की अंतिम परीक्षा होनी है. इससे पहले पिछले साल सेकेंड इयर की अंतिम परीक्षा हुई थी. ऐसे में सेकेंड इयर के प्रमोटेड या फेल छात्रों के लिए विवि की ओर से यह आखिरी अवसर दिया जा रहा है. पिछले साल पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा आयोजित की गयी थी. इसका रिजल्ट भी जारी कर दिया गया है. अब विवि पार्ट- 2 की स्पेशल परीक्षा मई में कराने की तैयारी कर रहा है. अप्रैल में परीक्षा फॉर्म भरवाकर मई में स्पेशल परीक्षा करा ली जायेगी.



### स्नातक : सत्र 2025-26 में एडमिशन के लिए खुला पोर्टल

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2025-26 मे एडमिशन के लिए बुधवार को पोर्टल खुल गया. इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 15 मई तक बीए, बीएससी या बीकॉम मे एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. पोर्टल पर दो चरणों मे आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. पहले चरण मे रजिस्ट्रेशन का विकल्प मिलेगा.

□ खबर वेबसाइट पर भी पढ़ सकते हैं इसके लिए क्यूआर कोड को स्कैन कर लें.

### गतिविधियों की 19 को समीक्षा करेंगे कुलाधिपति

**मुजफ्फरपुर.** यूनिवर्सिटी व कॉलेजो मे चल रही गतिविधियो की समीक्षा 19 अप्रैल को कुलाधिपति करेंगे. राजभवन मे शाम 4 बजे से बैठक बुलायी गयी है. राज्यपाल के प्रधान सचिव ने वीसी को पत्र भेजकर कहा कि यूनिवर्सिटी व कॉलेजो में विभिन्न तरह की गतिविधियां शुरू करने के लिए एक्टिविटी कैलेंडर तैयार करने के साथ ही उसे लागू भी करना है. राजभवन के पत्र के आधार पर बीआरएबीयू में पीजी विभाग सहित कॉलेजो मे हो रहे कार्यक्रमो का कैलेंडर तैयार किया जा रहा है. सभी कुलपति को एक्टिविटी कैलेंडर के साथ आने को कहा गया है.